वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 316 | गुरुवार 14 मार्च 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### पीएम कुसुम सौर पम्प संयंत्र स्वीकृति-पत्र वितरण समारोह

# प्रदेश के किसानों को खुशहाल और समृद्ध बनाना हमारी प्राथमिकता: मुख्यमंत्री शर्मा

**राज्य सरकार ने तीन माह में लिए किसान हित में सर्वाधिक फैसले, राज्य के 50 हजार से अधिक किसानों के खेतों पर लगेंगे सोलर पम्प**

## 900 करोड़ रुपए से अधिक का दिया जाएगा अनुदान। पेपरलीक का एक भी गुनहगार नहीं बख्शा जाएगा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार कृषकों की आमदनी बढ़ाकर उन्हें खुशहाल और समृद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आते ही सबसे अधिक फैसले किसान हित में लिए हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के लिए वित्तीय सहायता को 6000 से बढ़ाकर 8000 रुपए प्रतिवर्ष किया गया है तथा गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 125 रूपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस देकर इसे 2400 रुपए कर दिया गया है। शर्मा बुधवार को जयपुर के दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में आयोजित पीएम कुसुम सौर पम्प संयंत्र स्वीकृति-पत्र वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। समारोह में 500 से ज्यादा किसान उपस्थित थे जिनमें से 10 कृषकों को मुख्यमंत्री और कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने स्वीकृति-पत्र प्रदान किये। विभिन्न जिलों में पंचायत समिति केन्द्रों पर कृषक वीसी के माध्यम से जुड़े। सोलर पम्प के लिए प्रदेश के लगभग 50 हजार किसानों को स्वीकृतियां जारी की गई है, इस पर लगभग 1830 करोड़ रुपए का व्यय होगा, जिसमें से 908 करोड़ रुपए अनुदान के रूप में कृषकों को प्रदान कर लाभान्वित किया जायेगा। इन सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना से लगभग 200 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे किसानों की कड़ी मेहनत के कारण ही आज राजस्थान ईसबगोल एवं जीरा उत्पादन में देश भर में प्रथम, मैथी, लहसुन एवं सौंफ के उत्पादन में दूसरे तथा अजवाईन एवं धनिया के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। किसानों की उपज बढ़ाने के लिए राज्य बजट में 12 लाख किसानों को मक्का, 8 लाख किसानों को बाजरा, 7 लाख किसानों को सरसों, 4 लाख किसानों को मूंग एवं 1-1 लाख किसानों को ज्वार एवं मोठ के बीज मिनिकिट निःशुल्क उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि उन्नत कृषि यंत्र किसानों को किराये पर उपलब्ध कराने के लिए 500 कस्टम हायरिंग केंद्रों की भी स्थापना की जाएगी।



### प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में किसानों को हो रहा उत्थान

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद गरीबी हटाओ के नारे बहुत लगे मगर धरातल पर कार्य नहीं हुआ। मगर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की चिंता की। स्व. वाजपेयी ने नदी जोड़ो परियोजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा किसान क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की। शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी किसानों को संबल प्रदान करने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए ''पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना'' शुरू करने की घोषणा की है जिसमें एक करोड़ घरों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सौर पंप सैट लगाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। अब तक 1 लाख 5 हजार से अधिक सोलर पंप सेट लगाए जा चुके हैं। राज्य सरकार पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत प्रदेश में सभी मौजूदा ट्यूबवेलों का 100 प्रतिशत सौर ऊर्जा द्वारा संचालन सुनिश्चित करेगी।

**पेयजल और सिंचाई के लिए पानी की समस्या होगी दूरः** शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने तीन माह के अल्प कार्यकाल में पानी की समस्या को दूर करने के लिए प्राथमिकता से कार्य किया है। पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी एकीकृत परियोजना तथा शेखावाटी क्षेत्र के लिए ताजेवाला हैडवर्क्स के ऐतिहासिक एमओयू के माध्यम से इन क्षेत्रों में पेयजल एवं सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही, उदयपुर में देवास बांध परियोजना तृतीय एवं चतुर्थ के माध्यम से दक्षिण राजस्थान में भी जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी नहर के 15 किलोमीटर लम्बे कच्चे हिस्से को भी पक्का करवाने की मंजूरी दे दी गई है।

**ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बनेगा राजस्थानः** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को समय पर और पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो इसके लिए हमने किसानों को 100 दिन की कार्ययोजना में 20 हजार से अधिक कृषि कनेक्शन जारी किए हैं। हाल ही में 3 हजार 325 मेगावाट क्षमता की थर्मल आधारित और 28 हजार 500 मेगावाट क्षमता की अक्षय ऊर्जा आधारित विद्युत परियोजनाओं के लिए 1 लाख 60 हजार करोड़ रूपए के एमओयू किए हैं। इन परियोजनाओं की स्थापना के बाद प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बनेगा।

# 44वां वार्षिक महोत्सव एवं शिखर जिनबिम्ब कलशाभिषेक समारोह आयोजित

## आर्यिका नंदीश्वरमति माताजी के सानिध्य में आयोजित हुआ धार्मिक आयोजन

अर्पित जैन. शाबाश इंडिया

लूणवा। जैन तीर्थ अतिशय क्षेत्र लूणवा में 44 वा वार्षिक महोत्सव एवं शिखर जिनबिम्ब कलशाभीषेक समारोह आयोजित हुआ।अतिशय क्षेत्र कमेटी के मंत्री वर्धमान काला और मंदिर मेनेजर अशोक जैन ने बताया की जैन मंदिर में आर्यिका नंदीश्वरमति माताजी के सानिध्य और बाल ब्रह्मचारिणी डॉ करुणा दीदी और पंडित रमेशचंद जैन शास्त्री के निर्देशन में 44 वॉ वार्षिक महोत्सव एवं शिखर जिनबिम्ब कलशाभिषेक समारोह का धूमधाम और भक्तिभाव के साथ आयोजन हुआ।इस दौरान मंदिर सुबह से शाम तक अनेक धार्मिक आयोजन हुए। अभिषेक,शांतिधारा,नित्यनियम पूजा,ध्वजारोहण,शिखर और मानस्तंभ में विराजमान श्रीजी के अभिषेक,दोपहर में शांतिनाथ विधान का आयोजन हुआ।जिसके बाद श्रीजी को रथ में विराजमान कर रथयात्रा पूरे गांव में भ्रमण कर वापस मंदिर जी में पहुंची।शाम में आरती और जिनेंद्र भक्ति का आयोजन हुआ।इस दौरान कुचामन,नावां, मारोठ, माँचवा,हिंगोनिया,मंडाभीमसिंह सहित अनेक गावों कस्बों के जैन समाज ने आर्यिका नंदीश्वरमति माताजी को श्रीफल भेंटकर प्रवास एवम चातुर्मास हेतु निवेदन किया।



## जैनाचार्य विद्यासागर के नाम पर सागर में आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोला जाएगा: मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव




रत्नेश जैन रागी बकस्वाहा. शाबाश इंडिया


**सागर**। मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधिस्थ हम सबके आराध्य, प्रेरणास्त्रोत राष्ट्रसन्त , संत शिरोमणि जैनाचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के लिए समर्पित कर सागर विधानसभा क्षेत्र में आयुर्वेदिक महाविद्यालय बनायें जानें की घोषणा बुधवार 13 मार्च 2024 को सागर में आयोजित एक कार्यक्रम में जैन समाज की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सागर विधानसभा क्षेत्र के विधायक शैलेन्द्र जैन के आग्रह पर की जाने और इस आयुर्वेदिक महाविद्यालय का नामकरण ''जैनाचार्य विद्यासागर जी आयुर्वेदिक महाविद्यालय'' के नाम रखा जाने की घोषणा कर आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के चरणों मे अपनी विनयांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर सागर ही नहीं अपितु सम्पूर्ण देश की जैन समाज ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री व सरकार के प्रति धन्यवाद आभार साधुवाद प्रकट किया जा रहा है। धन्यवाद आभार प्रकट करनें बालों में नैनागिरि जैन तीर्थ सहित देश की अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी सुरेश जैन आईएएस भोपाल, प्रभावना जनकल्याण परिषद (रजि) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बीजेएस के सागर सम्भाग अध्यक्ष तथा जैन तीर्थ नैनागिरि व द्रोणगिरि सहित अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी राजेश जैन रागी बकस्वाहा, देश की अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी व समाजसेवी संतोष कुमार जैन घड़ी, कपिल मलैया, देवेन्द्र लुहारी सागर, सुनील घुवारा , वीरेंद्र सिंघई टीकमगढ़, सुनील संचय ललितपुर आदि शामिल हैं। सर्व विदित है कि पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज हमेशा आयुर्वेद के सम्बंध में प्रेरणा देते रहे हैं। ज्ञातव्य है कि पूज्यवर के आशीर्वाद से जबलपुर में ''पूर्णायु'' के नाम से मेडिकल कॉलेज शुरू किया गया है।



# होली उत्सव का भव्य आयोजन किया, नई कार्यकारिणी ने शपथ ली

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप डायमंड का होली उत्सव व शपथ ग्रहण समारोह कानोता कैम्प रिसोर्ट में आयोजित किया गया। सतरंगी कार्यक्रमों के बीच हुए समारोह में शपथ विधि अधिकारी राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेंद्र पांड्या व रीजन प्रभारी नवीन सेन जैन ने संपूर्ण नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ अध्यक्ष राजेंद्र- हर्षा सेठी , सचिव अतुल-सुधा छाबड़ा तथा कोषाध्यक्ष सुरेश -आभा गंगवाल को शपथ दिलाई और पिन प्रदान किए। समारोह का संचालन करते हुए ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष यशकमल अजमेरा ने बताया कि प्रारंभ में सभी सदस्यों एवं गणमान्य अतिथियों का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ गुलाल के टीके व रंगीले दुपट्टों से किया गया। नव मनोनीत अध्यक्ष राजेंद्र सेठी ने बताया की सभी दम्पत्ति सदस्यों व बच्चों ने विभिन्न मनोरंजनीय खेलों का आनंद लिया व आर्कषक पुरस्कार जीते । इसके बाद सुस्वादु ठंडाई के साथ फूलों की होली का शानदार आयोजन किया गया जिसमें राजस्थानी और होली गानों ने सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया।इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल बिलाला, रीजन अध्यक्ष राजेश-सीमा बडजात्या , उपाध्यक्ष मृदुला पांड्या तथा रीजन कोषाध्यक्ष पारस जैन भी मौजूद रहे।उन्होंने बताया कि इस दौरान नारी सशक्तिकरण पर आयोजित हुई परिचर्चा में श्रीमती मृदुला पण्ड्या,श्रीमती सोनल जैन , श्री भाग चंद जैन मित्रपुरा तथा अन्य सदस्यों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। निवर्तमान अध्यक्ष प्रमोद जैन सोनी ने बताया कि शपथ ग्रहण के बाद शालिनी अजमेरा की तैयार की गई होली हाऊजी का सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया गया। अंत में सभी सदस्यों का निवंतमान सचिव रमेश संजना छाबड़ा व नव मनोनीत सचिव अतुल सुधा छाबड़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।






## वेद ज्ञान

### ईर्ष्या और जलन में अंतर

यदि कभी जलन और ईर्ष्या के बीच रस्साकशी हो तो ईर्ष्या की निश्चित रूप से जीत होगी। हालांकि इन शब्दों का उपयोग परस्पर एक दूसरे के बदले में किया जाता है, पर दोनों के बीच एक अंतर है। जलन मामूली होती है, और अक्सर अधिक दिखाई देती है। ईर्ष्या किसी व्यक्ति की आत्मा से जोंक की तरह चिपक जाती है और काफी मानसिक ऊर्जा का क्षरण कर देती है। स्वाभाविक रूप से, गहरी पैंठ बनाए हुए और बिना बोले हुए, ईर्ष्या की पहचान महसूस करने वाले या दूसरों के द्वारा आसानी से नहीं की जा सकती। बुद्ध धर्म के लोग पांच मानसिक जहरों के बारे में बात करते हैं- जुनून या लोभ, आक्रामकता, भ्रम या अज्ञान, अहंकार और ईर्ष्या। ईर्ष्या का वर्णन ईसाई धर्म के सात घातक पापों के बीच भी होता हैः अभिमान, ईर्ष्या, क्रोध,आलस, लालच, पेटूपन और वासना। एक लोकप्रिय विज्ञापन चापलूसी करते हुए एक उपभोक्ता उत्पाद का प्रोत्साहन कर रहा था कि इसे प्राप्त करने से इसके मालिक में गौरव उत्पन्न हो जाएगा और दूसरों में ईर्ष्या पैदा होगी। यह पृष्ठभूमि में एक शैतान को दिखाता है। इसमें एक ही वाक्य में सात घातक पापों में से दो को महिमामंडित किया गया है। यदि आप उस उत्पाद को हासिल कर लें तो जहां जलन शायद कम हो सकती है या समाप्त हो सकती है, वहीं ईर्ष्या कभी खत्म नहीं होती। ईर्ष्या का एक और प्रतीक है, दूसरों के दुर्भाग्य का आनंद लेने की विशेषता। ला रोशेफुकॉल्ड ने कहा था कि हम सभी में दूसरों के दुर्भाग्य को सहने की काफी ताकत होती है। दूसरे की विफलता या हार में आनंद, हास्य के रूप में लेने पर, परंतु गोरे विडाल के कथन द्वारा उपयुक्त रूप से कहने पर, जब कभी भी किसी दोस्त को सफलता मिलती है, मुझ में कुछ छोटा सा मर जाता है। ईर्ष्या एक जलनों के संकुलन की एक सर्वकालिक कन्वेयर बेल्ट की तरह है। यह किसी व्यक्ति को कटु असंतोष और पश्चाताप से भरते हुए अभाव की भावना पर पोषित होती है, आमतौर पर इस सभी के अन्याय के बारे में, मैं क्यों नहीं की भावना के साथ। इस अवस्था में किसी अपने आशीर्वाद की अनदेखी करना आसान हो जाता है। यदि हम इस बारे में जागरूक नहीं हैं, तो ईर्ष्या हमें असंतोष के भंवर में ढकेल सकती है।

## संपादकीय

# अरुणाचल दौरे पर चीन का सवाल उठाना अनुचित

प्रधानमंत्री का अरुणाचल प्रदेश दौरा चीन को खटक गया है। उसने भारत के समक्ष राजनयिक आपत्ति दर्ज कराई कि अरुणाचल में इस तरह भारतीय नेताओं के दौरे से दोनों देशों के बीच चल रहे सीमा विवाद को सुलझाने की कोशिशों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे मामले और उलझ सकते हैं। अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है और वहां भारतीय नेताओं के दौरों को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता। चीन



के इस दावे को भारत ने खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने फिर दोहराया है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अंग था, है और रहेगा। दरअसल, पिछले हफ्ते शनिवार को प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश में बनी सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की। असम के तेजपुर से अरुणाचल के तवांग को जोड़ने वाली यह सुरंग हर मौसम में आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी। इससे सामरिक महत्त्व के तवांग इलाके तक हर मौसम में भारतीय सैनिकों की आवाजाही आसान हो जाएगी। करीब तेरह हजार फुट की ऊंचाई पर बनी इस सुरंग को दुनिया की सबसे लंबी सुरंग माना जा रहा है। जाहिर है, इससे चीन असहज हो उठा है। तवांग तक भारतीय सैनिकों की पहुंच आसान होने का अर्थ है, चीन को बड़ी सामरिक चुनौती। चीन लंबे समय से अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत कहते हुए अपना क्षेत्र बताता रहा है। पिछले वर्ष जब उसने भारतीय क्षेत्र की कुछ जगहों को अपने नक्शे में दिखाते हुए उनके नाम बदल दिए थे, तो उनमें अरुणाचल प्रदेश भी शामिल था। चीन ने अरुणाचल का नाम बदल कर जैगनान रख दिया है। इस पर भारत ने उस वक्त भी सख्त नाराजगी जाहिर की थी। कोई भी देश इस तरह किसी दूसरे देश के किसी हिस्से का नाम बदल कर उसे अपने नक्शे में शामिल कर ले, तो इससे अंतरराष्ट्रीय सीमा का कोई अर्थ ही नहीं रह जाएगा। भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर हुए समझौते के अनुसार अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है। वहां रहने वाले लोगों को बकायदा यहां की नागरिकता प्राप्त है। मगर चीन समय-समय पर यह जताने से बाज नहीं आता कि भारत ने अरुणाचल पर अवैध कब्जा कर रखा है। जबकि हर बार भारत ने उसके इस दावे का पुरजोर खंडन किया है। इस बार भी उसके दावे को निराधार बता कर खारिज कर दिया गया है। वास्तविक नियंत्रण रेखा संबंधी समझौते को झुठलाने और वहां अस्थिरता पैदा करने की चीन की कोशिशें किसी से छिपी नहीं हैं। अक्सर उसके सैनिक सीमा पार कर भारत के अधिकार वाले हिस्से में आ जाते हैं। जब उन्हें चुनौती दी जाती है, तो वे लौट जाते रहे हैं। करीब चार वर्ष पहले उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस कर भारतीय सैनिकों से गुत्थमगुत्था हो गए थे। उस झड़प में दोनों तरफ के सैनिक शहीद हो गए। तबसे दोनों देशों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। हालांकि सीमा विवाद सुलझाने के लिए चीन के सैन्य अधिकारी बातचीत की मेज पर आते रहे हैं। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# न्यायपूर्ण नागरिकता

लगभग चार वर्ष के इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम अर्थात सीएए को देश भर में लागू करके न केवल अपने आलोचकों को चौंकाया है, बल्कि देश अपने लोगों की नागरिकता सुनिश्चित करने की जरूरी दिशा में बढ़ चला है। इस नए कानून का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देशों से आने वाले मुस्लिमों को अब भारत में सहजता से नागरिकता नहीं मिलेगी, जबकि इन देशों से आने वाले हिंदू, सिख, ईसाई व अन्य धर्म के लोगों को सहजता से नागरिकता हासिल हो जाएगी। कानून के तहत पात्र लोग नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। गौर करने की बात है कि पिछले दिनों से अनेक नेता सीएए के लागू होने के संकेत दे रहे थे। यहां तक कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि आम चुनाव से पहले ही सीएए को लागू कर दिया जाएगा। चुनाव की घोषणा के ठीक पहले सीएए को लागू कर सरकार ने अपना एक वादा पूरा कर दिया है। दरअसल, सीएए एक ऐसा मोर्चा है, जिसे लेकर केंद्र सरकार की आलोचना हो रही थी। सीएए का विरोध करने वाले ज्यादातर लोग शांत थे और अनेक लोग सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहे थे। वाकई, संसद में 11 दिसंबर, 2019 को सीएए पारित हो गया था, और कुछ ही घंटों में कानून को अधिसूचित भी कर दिया गया था, पर इसके लिए नियम तय नहीं हुए थे। कानून बन जाने के बाद नियम तय करना जरूरी होता है और नियम तय करने के लिए सरकार लगातार समय ले रही थी। इस वजह से सरकार की आलोचना भी हो रही थी। बहरहाल, नियम न तय होने से आगे नई लोकसभा में तकनीकी परेशानियां आ सकती थीं, अतः केंद्र सरकार ने चुनाव से ठीक पहले इस कार्य को अंजाम देकर एक तरह से अपना ही अधूरा काम पूरा किया है। अब चुनाव में साफ तौर पर सीएए विरोधियों के पास यह मौका होगा कि वे लोगों के बीच अपनी बात रखें। मतलब, आगामी चुनाव एक तरह से सीएए पर जनमत संग्रह जैसा होगा। यहां यह याद करने की बात है कि सीएए लागू करने का वादा पिछले लोकसभा चुनाव और पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से उठाया गया प्रमुख मुद्दा था और इससे भाजपा को चुनाव में बहुत फायदा भी हुआ था। देश में ऐसे लोगों की संख्या बहुत है, जो मानते हैं कि भारत का विभाजन मुस्लिमों की अलग राष्ट्र की मांग की वजह से हुआ था, अतः जिन मुस्लिमों ने भारत छोड़कर अलग देश में रहना चुना, उन्होंने भारत की नागरिकता मांगने का हक खो दिया। दूसरी ओर, सीएए का विरोध करने वालों का कहना है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के मुस्लिमों के साथ भारतीय नागरिकता देने में भेदभाव नहीं होना चाहिए। एक तर्क यह भी है कि धर्मनिरपेक्ष भारत में नागरिकता का फैसला किसी की आस्था के आधार पर नहीं होना चाहिए। बहरहाल, अपने देश में धर्म की राजनीति नई नहीं है, इसके पक्ष और विपक्ष में लगभग हर पार्टी राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। बेशक, राजनीति से अलग होकर सोचना ज्यादा जरूरी है। जो मजबूर लोग पाकिस्तान या बांग्लादेश से भारत में आए हुए हैं, उनकी समस्याओं का समाधान देश के लिए प्राथमिकता होनी ही चाहिए।

# आचार्य श्री गुरुदेव की मंगल वाणी: डर के आगे जीत है



**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर जी । स्थानीय श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में विराजमान आचार्य श्री वर्तमान के वर्धमान चर्या चक्रवर्ती सुनीलसागर जी महाराज ससंघ विराजमान है। ब्रह्मचारिणी पूर्णिमा दीदी ने बताया कि आज प्रातः काल आचार्य श्री के सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी का जिनाभिषेक शांतिधारा के साथ संपन्न हुआ। धर्म सभा के प्रारंभ में मंगलाचरण हेतु दिल्ली से पधारे दो बालिकाओं द्वारा हुआ। दीप प्रज्वलन एवं पाद प्रक्षालन गुजरात से पधारे श्रावकों द्वारा हुआ। आचार्य श्री ने अपने मंगल प्रवचन में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, ''प्रभु मेरी नजरों में ऐसी तासीर हो जाए, नजर जिस चीज पर डाली तेरी तस्वीर हो जाए।'' मन वचन काय में प्रभु का स्मरण हो, मन वचन काय में णमोकार हो, उससे बढ़कर और क्या हो सकता है। मन वचन काया में पूज्य गुरु भगवंतो का स्मरण रहे। जिसके नयनो में सम्मेद शिखर झूमता है, जिसके नयनो में भगवान महावीर झूमते हैं, वे भवपार होते हैं जिनके नजरों में फिल्मी हीरो हीरोइन झूमते हैं वे सब दुर्भागी जीव है। भगवान महावीर स्वामी कहते हैं इस लोक में जितने जीव हैं वह सब स्वतंत्र हैं सब परफेक्ट है। सबको अनेकांत की दृष्टि से देखो। जिसके बिना लोक व्यवहार भी नहीं चलता वह अनेकांत है। सौभाग्य से क्षण आते हैं कैशलोंच करें, सौभाग्य से संयम का मार्ग मिलता है। आचार्य श्री शांतिसागर जी कहते हैं ''मिऊ नकोस, संयम घ्या'' डर के आगे जीत है। संयम को स्वीकार करो और अपनी आत्म कल्याण की ओर बढ़ो।

# भीलवाड़ा विधायक कोठारी ने जिला कारागृह का किया औचक निरीक्षण



**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

विधायक अशोक कोठारी ने अचानक दिन को 12:15 बजे अजमेर पुलिया के पास जिला जेल परिसर पहुंचे। वहां जेल अधीक्षक भैरू सिंह राठौड़ व डिप्टी जेलर हीरा लाल मिले। विधायक कोठारी ने नियमानुसार रजिस्टर में नाम, हस्ताक्षर आदि औपचारिकता पूरी कर काउंटर पर मोबाइल जमा करा कर परिसर में प्रवेश किया। मीडिया प्रभारी सत्यम शर्मा ने बताया कि भीलवाड़ा विधायक सर्वप्रथम कैदियों की भोजनशाला पहुंचे, वहां रसद सामग्री दाल - सब्जियां, आटा, नमक को देखा तथा अभी प्रातः में जो भोजन दिया गया उसमें चपाती, दाल - सब्जी व खिचड़ी को स्वयं ने चखा तथा रोटी की क्वालिटी को और उत्तम बनाने के लिए मशीन का उपयोग करने को कहा, जिससे कैदियों को चपाती फूली हुई व एक जैसी उपलब्ध हो पाए। तत्पश्चात सफाई व्यवस्था व पीने के पानी की व्यवस्था देखी। वहां जेल अधीक्षक ने कहा कैदियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था अभी नहीं है, तो विधायक महोदय ने एक-दो दिन में ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। डिप्टी जेलर हीरालाल ने बताया जेल को सीवरेज से नहीं जोड़ा गया है तथा पीछे परिसर में झाड़ियां व बबूल हैं जिससे सफाई पूरी तरह नहीं हो पाती है, तो विधायक महोदय ने अविलंब परिषद आयुक्त को फोन कर निर्देश दिए कि यहां जेसीबी भेज कर तुरंत समाधान करें तथा सीवरेज के लिए भी शीघ्र ही व्यवस्था करवाने की कहा।

भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयनती तक
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में
मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT
सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd.
सह प्रायोजक समाचार जगत
श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद द्वारा
In association with NSS and ROTARACT Club of Shri Mahaveer College.
रक्तदान जीवन दान
रक्तदान शिविर
GIVE BLOOD GIVE LIFE
प्रातः 9 से 1 बजे तक
शनिवार, 16 मार्च 2024
स्थान:- श्री महावीर कॉलेज, सी-स्कीम, जयपुर
क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।
उमराव मल संघी अध्यक्ष
सुनील बख्शी मानद मंत्री
महेश काला कोषाध्यक्ष
सीए प्रमोद पाटनी संयोजक
डॉ. आशीष गुप्ता प्राचार्य
डॉ. मिनल शर्मा शिविर संयोजक
डॉ. जे.एस. बिदावत शिविर संयोजक

भगवान महावीर के 2622 वें जन्मोत्सव समारोह के अन्तर्गत

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर के तत्वावधान में

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के द्वारा

मुख्य प्रायोजक: R K GROUP, Kishangarh, Rajasthan — WONDER CEMENT — www.rkmarble.com | www.wondercement.com

सह प्रायोजक: ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक: समाचार जगत

# हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन

## शनिवार, 16 मार्च 2024

समय : सायं 7.00 बजे से

:: स्थान ::

## भट्टारक जी की नशियां,

नारायण सिंह सर्किल, टोंक रोड, जयपुर

## आमंत्रित कविगण



श्री सुरेन्द्र यादवेन्द्र (बारां) (ठहाका सम्राट)

श्री संजय झाला (जयपुर) (हास्य कवि) · श्री अशोक चारण (चौकड़ी) (वीररस कवि) · श्री डॉ. दीपिका माही (जयपुर) (कवयित्री) · श्री दीपक पारीक (भीलवाड़ा) (हास्य कवि) · श्री प्रहलाद चांडक (जयपुर) (ओजस्वी गीतकार)

श्री अशोक भाटी (उज्जैन) (संचालक व हास्य कवि)

## आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक

रक्तदान जीवन दान

## विशाल रक्तदान शिविर

### क्यों न खुद की एक पहचान बनाये।
### चलो रक्तदान करे और करवाये ।।

भगवान महावीर की 2622 वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत **मानव सेवार्थ 2550 यूनिट रक्त एकत्र करने के विशाल लक्ष्य** के साथ विभिन्न संस्थाओ के सहयोग से लगभग **50 स्थानों पर रक्तदान शिविर** आयोजित किये जायेंगे।

## 48 मण्डलों पर 48 दीपकों से भक्तामर अनुष्ठान



समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेन्द्र के. गोधा जी की पुण्य स्मृति में

### तृतीय जीवन रक्षक सम्मान समारोह-2024

रक्तदान शिविर आयोजन में सहयोग करने वाली संस्थाओं का सम्मान

शनिवार, 20 अप्रैल 2024 — समय : सायं 7.00 बजे से

स्थान : छतरी वाला भाग, भट्टारक जी की नशियां, जयपुर

## आमंत्रित अतिथिगण

समारोह गौरव
**श्रीमान् अशोक जी पाटनी**
**श्रीमती सुशीला जी पाटनी**
आर. के. मार्बल ग्रुप

समारोह गौरव
**श्रीमान् नन्द किशोर जी पहाड़िया**
**श्रीमान् प्रमोद जी पहाड़िया**
ए. आर. एल. ग्रुप

समारोह गौरव
**श्रीमती त्रिशला जी** (धर्मपत्नी स्व. श्री राजेन्द्र के. गोधा)
**श्रीमान् शैलेन्द्र जी गोधा, श्रीमान् निशान्त जी गोधा**
दैनिक समाचार जगत

मुख्य अतिथि
**श्रीमान् सुनील जी जैन (सी.ए.)**
प्रमुख समाज सेवी

अध्यक्षता
**श्रीमान् सुरेन्द्र जी जैन पाण्ड्या**
कार्याध्यक्ष : दि.जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन

दीप प्रज्जवलनकर्त्ता
**श्रीमान् उमराव मल जी संघी**
अध्यक्ष-श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद्

विशिष्ट अतिथि
**श्रीमान् महेश जी काला**
राष्ट्रीय मंत्री : भा. दि.जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी
अध्यक्ष : वीर सेवक मण्डल

विशिष्ट अतिथि
**रोटेरियन श्रीमान् सुधीर जी जैन गोधा**
संस्थापक अध्यक्ष : धर्म जागृति संस्थान

विशिष्ट अतिथि
**श्रीमान् निर्मल जी सौगानी**
सदस्य-नेशनल रोड सेफ्टी कॉउन्सिल (NRSC)

गौरवमय अतिथि
**श्रीमान् आशीष-निधी बाकलीवाल**
प्रमुख समाज सेवी (दिल्ली)

गौरवमय अतिथि
**श्रीमान् पीयूष-मोनाली सोनी जैन**
अध्यक्ष : जैन सोशल ग्रुप ग्लोरी एवं प्रमुख समाज सेवी

## आप सपरिवार इष्टमित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं।

**सहयोगी दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप ::** जयपुर मेंन, गुलाबी नगर, आदिनाथ, नवकार, जैन भारती, मैत्री, डायमंड, वर्धमान, पार्श्वनाथ, तीर्थकर पिंक पर्ल, वात्सल्य, संगिनी फॉरएवर, सम्यक, वीर, स्वस्तिक, विराट, मालपुरा, गंगापुर सिटी, दौसा, सीकर, श्री महावीर जी, प्रज्ञा (निवाई)

**ग्रुप संयोजक ::** धनु कुमार जैन, श्रीमती सुशीला बड़जात्या, कैलाश चन्द बिंदायका, मोहनलाल गंगवाल, श्रीमती प्रमिला शाह, सुनील बड़जात्या, राजेन्द्र सेठी, अनिल पाटनी, रवि सेठी ईजी. पी.सी. छाबड़ा, डॉ.मोहन लाल जैन 'मणी', राजेश चौधरी, अनिल टोंग्या, श्रीमती शकुन्तला बिन्दायका, महावीर बोहरा, नीरज जैन, सतीश बाकलीवाल, बसंत जैन

## आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मनीष-शोभना लोंग्या<br>अध्यक्ष | राकेश-समता गोदिका<br>संस्थापक अध्यक्ष | सुरेन्द्र-मृदुला पाण्ड्या<br>संरक्षक | दर्शन-विनिता जैन<br>संरक्षक | विनोद-शशि तिजारिया<br>संरक्षक | राजेश-जैना गंगवाल<br>संरक्षक | दिनेश-संगीता गंगवाल<br>परामर्शक | राजेश-रानी पाटनी<br>सचिव |
| संजय-ज्योति छाबड़ा<br>वरिष्ठ उपाध्यक्ष | राकेश-रेणु संघी<br>वरिष्ठ उपाध्यक्ष | चक्रेश-पिंकी जैन<br>उपाध्यक्ष | विनोद-हेमा सोगानी<br>उपाध्यक्ष | अनिल-निशा संघी<br>उपाध्यक्ष | सुनील-सुनीता गोदिका<br>उपाध्यक्ष | राजेश-रितु छाबड़ा<br>संगठन सचिव | |
| अनिल-अनिता जैन<br>संगठन सचिव | प्रदीप-प्राची बाकलीवाल<br>संयुक्त सचिव | चेतन-डॉ.अनामिका पापड़ीवाल<br>संयुक्त सचिव | कमल-मंजु ठोलिया<br>सांस्कृतिक सचिव | राजेन्द्र-कुसुम जैन<br>खेल सचिव | दिलीप-प्रमिला जैन<br>कोषाध्यक्ष | | |

कार्यकारिणी सदस्य : अनिल-ज्योति चौधरी * डॉ अनुपम-विनीता जैन * नितेश-मीनू पाण्ड्या * सपन-रजनी छाबड़ा * पंकज-नीना जैन

विशेष आमंत्रित : अनिल-प्रेमा रांवका, अशोक-अर्चना पाटनी * अशोक सेठी

## निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजेश बड़जात्या<br>अध्यक्ष | अनिल जैन IPS<br>संस्थापक अध्यक्ष | सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या<br>परामर्शक | नवीन सेन जैन<br>परामर्शक | यश कमल अजमेरा<br>निर्वतमान अध्यक्ष | अतुल बिलाला<br>पूर्व अध्यक्ष | सुनिल बज<br>कार्याध्यक्ष | सुरेश जैन (बांदीकुई)<br>कार्याध्यक्ष | पारस कुमार जैन<br>कोषाध्यक्ष | निर्मल संघी<br>महासचिव |

## आयोजन समिति

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दर्शन बाकलीवाल<br>मुख्य समन्वयक | राकेश गोदिका<br>मुख्य समन्वयक | | | |
| सुरेन्द्र पाण्ड्या<br>परामर्शक | राजेश गंगवाल<br>परामर्शक | विनोद तिजारिया<br>परामर्शक | दिनेश गंगवाल<br>परामर्शक | |
| संजय छाबड़ा<br>समन्वयक | राकेश संघी<br>समन्वयक | अनिल संघी<br>समन्वयक | चक्रेश जैन<br>समन्वयक | अनिल रांवका<br>समन्वयक |
| राजेश छाबड़ा<br>समन्वयक | राजीव जैन<br>समन्वयक | कमल ठोलिया<br>सह-समन्वयक | प्रदीप जैन बाकलीवाल<br>सह-समन्वयक | अनिल जैन चौधरी<br>सह-समन्वयक |
| नितेश पाण्ड्या<br>संयोजक | सपन छाबड़ा<br>संयोजक | सुधीर गोधा<br>संयोजक | | |

**सम्पर्क सूत्र :: 9414078380 9414073035 9785074581 9829594488, 9414041225**

# सेठी कॉलोनी महिला मंडल द्वारा फागोत्सव का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री सन्मति महिला मंडल सेठी कॉलोनी द्वारा फागोत्सव का आयोजन किया गया। अध्यक्ष नीतू मुशराफ तथा सचिव शिल्पा पहाड़िया ने बताया कि समारोह में आकर्षक हाऊजी, रंगीन गुब्बारों से धमाकेदार होली के संगीत के साथ मस्ती भरा गेम तथा होली की नोंकझोंक ने समारोह में उपस्थित सभी को भरपूर मनोरंजन किया। जायकेदार और स्वादिष्ट भोजन के साथ 61 महिलाओं ने फागोत्सव धूमधाम से मनाया। समस्त कार्यकारिणी ने मंडल की समस्त सदस्यो का स्वागत ढोल की मस्ती के साथ गुलाल का टीका लगाकर किया ।

# 500 परिन्डों का वितरण किया गया




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पक्षियों की रक्षार्थ राजस्थान जन मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय व कमल डायग्नोसिस एंड रिसर्च सेंटर सी - स्कीम जयपुर के संयुक्त तत्त्वधान मे समाजसेवी व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ आदर्श नगर विधानसभा प्रमोद जैन भँवर के संयोजन मे 500 परिन्डो वितरण किया गया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पदम जैन बिलाला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरकचंद बड़जात्या द्वारा की गई। इसमें जन मंच ट्रस्ट के संस्थापक कमल लोचन ने उध्बोधन देकर सभी को पक्षियों की रक्षार्थ शपथ दिलवाई ।इस अवसर पर सुश्री सौम्यता व कमल डायग्नोसिस सेंटर के समस्त स्टाफ शामिल हुए।

# प्रकाश जैन पटवारी का जन्मदिन मनाया



**टोंक. शाबाश इंडिया**

पेंशनर समाज भवन, घंटाघर चौक टोंक प्रकाश जैन पटवारी (सेनि गिरदावर) का 69वां जन्म दिवस श्री गणेश पूजन के पश्चात हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रकाश जैन पटवारी को पेंशनर समाज की ओर से साफा बंधवा कर उपस्थित सभी पेंशनर्स द्वारा माल्यार्पण कर 69वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई व उनके आजीवन स्वस्थ रहने व दीर्घ जीवन की कामना व्यक्त किया गया। समारोह में जिलाध्यक्ष बृजबिहारी शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरबंस शर्मा, उपाध्यक्ष रोहित कुमावत, जिला महामंत्री प्रहलाद राय नीमावत, महिला मंत्री श्रीमती नीलिमा आमेरा कार्यालय मंत्री श्री पदमचंद जैन पटवारी, केशियर पदम कुमार जैन (अलियारी) पूर्व केशियर श्री सूरज मल जैन व पेंशनर्स सर्व श्री बाबूलाल सेठी , रामफूल मीणा, रमेशचंद्र जैन, नाथूलाल शर्मा, नंदसिंह , भगवान दास कुमावत, रामसहाय जाट,महेश गोयल, सत्यनारायण बाबर, राधेश्याम जांगिड़, सरदार मोहम्मद, रमेशचंद्र स्वर्णकार, ओमप्रकाश जोशी, रामदेव चौधरी, ओमप्रकाश शर्मा आदि अनेक पेंशनरों ने श्री प्रकाश पटवारी को उनके 69वें जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी है। प्रहलाद राय नीमावत, जिला महामंत्री रापेस ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में बृजबिहारी शर्मा द्वारा राष्ट्रीय होली, श्रीमती नीलिमा आमेरा द्वारा मधुर भजन,बाबूलाल सेठी द्वारा राजस्थानी लोक गीत, रमेशचन्द्र जैन द्वारा चुटकुले तथा महेश नारायण गोयल द्वारा फिल्मी गीत की प्रस्तुतियां व नृत्य प्रस्तुत किया गया।तदुपरांत प्रकाश पटवारी द्वारा केक काटा गया, सबको मिठाई वितरण किया गया। समारोह के समापन सै पूर्व हर माह के अंतिम दिवस को सेवा दिवस के रूप में आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

श्री हितेश-श्रीमती छवि बड़जात्या
(आर बड़जात्या केटर्स)



14 मार्च' 24
98878 66995

की वैवाहिक वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
शुभेच्छु
समस्त मित्रगण एवम परिजन
बड़जात्या परिवार

# फागी समाज ने प्राप्त किया गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी का मंगल आशीर्वाद



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी (राज.) में ससंघ विराजित गणिनी आर्यिका गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी के मुखारविंद से अभिषेक शांतिधारा करने के लिए निवाई , जयपुर आदि स्थानों से भक्तगण अवसर प्राप्त कर रहे हैं । महेश मोटूका निवाई , विरदीचन्द मालपुरा आदि ने आज की अभिषेक शान्तिधारा का पुण्य प्राप्त किया। पूज्य माताजी के उपवास के बाद पारणा कराने का अवसर चौमुंबाग जयपुर समाज ने प्राप्त किया। फागी से आये हुए समाज ने पूज्य माताजी का आशीर्वाद प्राप्त कर निमार्णाधीन सहस्त्रकूट जिनालय की भूरी-भूरी प्रशंसा की। तत्पश्चात माताजी ने सभी को मंगल उद्बोधन देते हुए कहा कि जीवन में कभी अगर कुछ खोना पड़े तो दो लाइन हमेशा याद रखना जो खोया है उसका गम नहीं और जो पाया है वो किसी से कम नहीं जो हमारे पास नहीं है वो एक ख्वाब है और जो हमारे पास है वो लाजवाब है तो कभी भी हमारा मनोबल कम नहीं होगा जीवन मे शिकायत छोड़िए , शुक्रिया कीजिये क्योंकि हमारे पास जितना है न जाने कितनों के पास उतना भी नहीं है।

# ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर ने नेपाल देश में किया रक्तदान



**बूंदी. शाबाश इंडिया**

सामान्य चिकित्सालय बूंदी के ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर ने नेपाल के कांतिपुर हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में जाकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नेपाल में अंतरराष्ट्रीय ब्लड कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए पहुंचे थे दो दिन ब्लड कॉन्फ्रेंस के समय मन में विचार आया कि मुझे नेपाल में भी रक्तदान करना चाहिए। इसी सोच के साथ रामलक्ष्मण मीणा ने नेपाल के कांतिपुर हॉस्पिटल में पहुंच कर स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तदान के समय रामलक्ष्मण मीणा के साथ राजस्थान के चार रक्तवीर राजेश खोईवाल,डॉ.अनिल मर्मिट, रक्तवीर संजय मेघवाल नर्सिंग ऑफिसर, रक्तवीर अजय मेहरा नर्सिंग ऑफिसर कांतिपुर हॉस्पिटल नेपाल में उपस्थित रहे। रक्तदान जीवनदान टीम बूंदी के संस्थापक ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर का विदेश में रक्तदान करना नवयुवकों के लिए जागरूक अभियान है ताकि इससे मेरे बूंदी जिले के और भारत के नवयुवक प्रेरित होकर के ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें ताकि हो रही ब्लड की कमी को दूर किया जा सके।


## श्री मनीष जी - श्रीमती शीला जी




की वैवाहिक वर्षगांठ (15 फरवरी) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

अध्यक्ष: शकुंतला बिंदायका, सचिव: सुनीता गंगवाल

समस्त सदस्य संगिनी फॉरएवर ग्रुप एवम दिगंबर जैन महिला महासमिति आंचल एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# टाई की बिजनेस समिट टाईकॉन-24 शनिवार को

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

वैश्विक नॉन-प्रॉफिट संस्था टाई ग्लोबल के उदयपुर चैप्टर टाई-उदयपुर द्वारा दक्षिण राजस्थान की सबसे बड़ी बिजनेस समिट टाईकॉन-24 इस वर्ष 16 मार्च को चित्रकूटनगर स्थित थर्ड स्पेस में आयोजित होगी। जिसमें दक्षिण राजस्थान के उभरते उद्यमियों और स्टार्टअप्स के लिये एक बेहतरीन मंच उपलब्ध होगा। बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में टाई उदयपुर अध्यक्ष विनय राठी ने बताया कि इस समिट में एक और जहां स्टार्ट अप्स को देश के कुछ जाने माने उद्यमियों से सीखने का अवसर मिलेगा वहीं दूसरी ओर वे अपने स्टार्टअप्स को फंडिंग के लिये निवेशकों के सामने पिच कर पायेंगे। गौरतलब है कि समिट में भागीदार 15 से ज्यादा स्टार्टअप्स अपनी स्टॉल्स के माध्यम से अपने उद्यम की विस्तृत जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि समिट के दौरान विशेषज्ञों द्वारा चुने गये श्रेष्ठ स्टार्ट अप्स के लिये 1 लाख रुपये तक के पुरस्कार भी प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि समिट में कुल 26 जाने माने उद्यम संस्थापक, निदेशक और उद्यमों से जुड़े जाने माने लोग स्पीकर के रूप में विचार रखेंगे। बता दें, समिट में देश की जानी मानी कम्पनियों जैसे टायनोर के अभयनूर सिंह, कार देखो के अनुराग जैन, रेड क्लिफ लैब्स के धीरज जैन, हेल्थक्वॉड के डॉ.पिनाक श्रीखण्डे, टर्बो स्टार्ट के शिवकुमार जनार्धनन, जयपुर वॉच कंपनी के गौरव मेहता, टाई इंडिया एंजल्स के महावीर प्रताप शर्मा, अदाणी के नितिन सेठी, एवरस्टोन के प्रशांत देसाई, बूस्ट मनी के प्रशांत पालीवाल, चलो के प्रियासिंह, गो अपटिव के राजशेखर पर्चा, नो ब्रोकर के सौरभ गर्ग, डॉट पे के शैलाज नाग, कोटक महिंद्रा बैंक के शेखर भंडारी, ऑटो कैपिटल के सुमित छाजेड़, टाईग्लोबल के किरण देशपांडे, शैल्बी हॉस्पिटल्स के डॉ.राकेश शाह, टाई ग्लोबल के मुरली बुकापटनम्, वेल्दी के आदित्य अग्रवाल, बी यंग के शिवम्सोनी, आईआईएम उदयपुर के प्रो.अशोक बनर्जी, जनोहेल्थ के सिद्धार्थ गड़िया, मेटा के विकास पुरोहित, जीतो के सागर गोसालिया, मारवाड़ी कैटेलिस्ट के सुशील शर्मा भागीदारी निभाएंगे। उदयपुर में स्टार्टअप्स के लिये एक इकोसिस्टम का विकास और इसमें टाई की उपयोगिता पर टाई चेयरमैन महावीर प्रताप शर्मा, टाई ट्रस्टी बोर्ड के मुरली सहित टाई अहमदाबाद और सूरत के अध्यक्ष भी शामिल होंगे। साथ ही स्वस्थ भारत के लिए परिवर्तन लाने वाली रणनीतियों, टेलीमीडिसिन, और डिजिटल इनोवेशन पर चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम के लिए उदयपुर और देश की 18 बिजनेस संस्थाओं ने टाईकॉन को अपना सहयोग प्रदान किया है जिनमें स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, कोटक महिंद्रा बैंक, व्हाइटिक्स, वुडनस्ट्रीट आदि शामिल हैं। प्रेस वार्ता में दीपक भंसाली, मनीष गोधा, हितेष गांधी, गौतम हिंगड़, ऋषि कोठारी आदि मौजूद थे। **रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**




# जैन धर्म रक्षक पाठशाला का द्वितीय स्थापना दिवस उपकार दिवस के रूप में मनाया गया

**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे में संचालित जैन धर्म रक्षक पाठशाला का द्वितीय स्थापना दिवस समारोह आज अनेक धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने जानकारी पर अवगत कराया कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की पावन प्रेरणा से प्रारंभ हुई उक्त पाठशाला को आज 13 मार्च 2024 को पूरे 2 वर्ष हो गए है इन दो सालों में निरंतर धर्म की प्रभावना बढ़ाते हुए पाठशाला में लगभग 100 बच्चे धर्म लाभ ले रहे है , आज के दिन सभी बच्चे -बच्चियों और समाज ने धर्म के प्रति रक्षा और समर्पण का भाव जगा कर उपकार किया इसलिए इसे उपकार दिवस के रूप में मनाया गया, कार्यक्रम में आज प्रातः श्री पार्श्वनाथ चेत्यालय में जिनेन्द्र अभिषेक, शांति धारा के बाद नवदेवताओं की गई की पूजन करने के बाद प्रेरणा स्त्रोत आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी महाराज की भक्ति भाव से पूजा अर्चना की गई, और सभी ने आज के दिन रात्रि भोजन आदि का त्याग एवं कषाय और पापो से दूर रहने के लिए नियम संकल्प लिया, कार्यक्रम में शाम को बीचले मंदिर में भक्तामर स्तोत्र आदि के पाठ भी किए गए कार्यक्रम में पाठशाला के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री गण आदि सहित सभी पदाधिकारी गण एवं कई महानुभाव मौजूद थे उक्त कार्यक्रम में कपूर चंद जैन मांदी, फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा,सुरेश मांदी, महावीर लदाना, विनोद कलवाडा, रमेश बावड़ी ,अनिल कठमाना, अशोक कागला,विनोद जैन मोदी, पारस जैन मोदी, सुशील कलवाड़ा, एवं रानी नला, रेखा झंडा, शिप्रा कासलीवाल, राजश्री कांगला, सुशीला झंडा, प्रीति कलवाडा, अंजू मोदी, नीरू बजाज, संजना नला, सोना कठमाना, सुरभि कलवाड़ा आदि सभी अध्यापिकाएं, तथा काव्य, अर्णव,आदित्य, आदिश, अनंत, आर्जव, आर्ची, अनुषा, अधर्वी आदि 80 बच्चे- बच्चियां इस अत्यंत पावन दिन को उपकार दिवस के रूप में मनाने के लिए उपस्थित रहें।



# नंदीश्वर मंदिर मे गुरूभगवंतो का पदार्पण गुरूवार करेंगे भव्य जुलूस के साथ शहर मे मंगल प्रवेश : जालोर



**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

जालोर। जयघोष के साथ पधारे जैन गुरू भगवंत। श्री वर्धमान स्थाकनवासी जैन श्रावक संघ के उपाध्यक्ष धनपत मूथा ने जानकारी देते हुए बताया बुधवार को 35 वर्षा के लम्बे अंतराल के प्रश्चात श्रमणसंघीय स्थाकनवासी संत शिरोमणी प्रवर्तक सुकनमुनि जी म.सा. उपप्रवर्तक अमृत मुनि जी म.सा. युवाप्रणेंता महेश मुनि जी म.सा.,बालयोगी अखिलेश मुनि जी म.सा.,डॉ.वरूणा मुनि म.सा.आदि ठाणा के गांव लेटा से नंदीश्वर जैन मंदिर पधारने पर श्रीसंघ के अध्यक्ष किशोर जैन सचिव हेमंत पारख,जसंवत जाणिकार दिनेश चौधरी,तथा सम्पूर्ण कार्यक्रम और होली चातुर्मास आयोजन के लाभार्थी अप्रवासी दिल्ली कोयम्बटूर निवासी सेठ नेमीचंद जेठमल के गौतमचंद,हुक्मीचंद,ललित कुमार छत्तरगौथा परिवार के सदस्यों ने नंदीश्वर मंदिर मे विराजित मूर्ति पूजक साध्वी मंडल और श्रध्दालुओं ने जैन संतो का जयघोष के गगन भेदी नारे लगाकर मुनियों का अभिनन्दन किया गया ।गुरूवार 14 मार्च को प्रातः 8:30 बजें सुरजपोल चौराया से भव्य जूलुस के साथ प्रवर्तक सुकनमुनि जी म.सा.उपप्रवर्तक अमृत मुनि जी म.सा. आदि ठाणा 5 शहर के मुख्य बाजार गांधी चौक सदर बाजार आदि क्षैत्रों से गुजर हुए हजारों श्रावक श्राविकाओं साथ फोलोवास जैन स्थानक मे पधारेगे आजाद चौक लोड़ीनियात के नौहरे मे प्रवर्तक सुकनमुनि जी महाराज और सभी संतो का आयोजित धर्मसभा में श्रीसंघ और सकल जैन समाज के पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से अभिनन्दन करेंगें इसदौरान सुकनमुनि महाराज सभी श्रध्दालुओं को धर्मसंदेश प्रदान करेंगे।

# निवाई से श्री सम्मेद शिखर जी तीर्थ वन्दना के लिए 260 श्रद्धालु रवाना

## नाचते कूदते बेन्ड बाजों के साथ यात्रियों का समूह प्रस्थान

**विमल जोला. शाबाश इंडिया**



निवाई। जैन धर्म के झारखण्ड राज्य में महातीर्थराज श्री सम्मेद शिखर जी के लिए वात्सल्य मूर्ति आचार्य श्री पदमनन्दी जी महाराज के मंगलमय प्रेरणा एवं आशीर्वाद से निवाई समाज के 260 यात्रियों का समूह गाजे बाजे से प्रस्थान हुआ। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में सन्त निवास नसियां जैन मंदिर से तीर्थराज सम्मेद शिखर जी यात्रा का पहला जत्था जयकारों से रवाना हुआ। मीडिया प्रभारी विमल जौला ने बताया कि जैन समुदाय के महातीर्थ क्षेत्र सम्मेदशिखर जी यात्रा दल का समूह नसिंया जैन मंदिर से मूलनायक भगवान शांतिनाथ जी, बड़ा जैन मंदिर में विराजमान भगवान आदिनाथ जी, भगवान चंद्रप्रभु, भगवान पार्श्वनाथ जी के दर्शन करके जयघोष के साथ सम्मेदशिखर यात्रा के लिए रवाना हुए। यह यात्री दल निवाई से जयपुर रेल मार्ग से झारखंड राज्य स्थित ईसरी पार्श्वनाथ होते हुए मधुबन पहुंचेंगे। जौला ने बताया कि सभी यात्री मधुबन में 27 किलोमीटर शिखरों की चरण वंदना करके पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। 260 यात्रियों के शिष्ट मण्डल में जैन समुदाय के गोपाल कठमाणा निक्की जैन तेजकरण जैन सुरेन्द्र जैन महावीर प्रसाद छाबड़ा अजीत काला हेमन्त चंवरिया पदमचंद जैन हेमराज जैन सहित सैकड़ों श्रद्धालुओ का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया जिसमें शिखरचंद काला हितेश छाबड़ा मुकेश संधी पारसमल पराणा विमल बड़ागांव राकेश संधी प्रेमचंद सोगानी विमल सोगानी बेणीप्रसाद जैन सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा जैन धर्म ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना किया गया। निवाई से सभी 260 यात्रियों का पंजीकरण करके झारखण्ड राज्य स्थित जैन धर्मावलम्बियो का प्रचलित प्रमुख तीर्थ क्षेत्र सम्मेदशिखर जी की वन्दना करके देश में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना के लिए वन्दना करेंगे। जौला ने बताया कि निवाई के सभी यात्री 14 मार्च को मधुबन में मण्डल विधान, 15 मार्च को यात्रियों द्वारा मधुबन में गाजे बाजे से भव्य बिन्दौली, एवं 16 मार्च को भगवान चंद्रप्रभु जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर लड्डू चढ़ाया जाएगा।

# क्रिकेट ही नहीं, वीमेन प्रीमियर लीग सभी प्रकार के खेलों में लड़कियों के लिए एक उदाहरण : नीता अंबानी



**मुंबई. शाबाश इंडिया।** वीमेन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को लगातार लोगों का समर्थन मिल रहा है। मुंबई इंडियंस (एमआई) टीम की मालिक नीता अंबानी ने पूरे भारत में महिला एथलीटों के लिए इसके महत्व पर जोर दिया है। नीता अंबानी मंगलवार को वीमेन प्रीमियर लीग देखने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचीं, जहां उन्होंने महिला खिलाडियों का हौसला बढ़ाया। नीता अंबानी ने डब्ल्यूपीएल को युवा लड़कियों के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का एक शानदार अवसर बताया। उन्होंने कहा, ह्हमारी लड़कियों के लिए प्रदर्शन करने के लिए यह एक शानदार मंच है। इन लड़कियों को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिल रहा है और यह दिल को छू लेने वाला एहसास है।" उन्होंने महिला खिलाड़ी सजीवन सजना का विशेष उल्लेख किया और कहा, मैंने सजना को पुरस्कार प्राप्त करते देखा। वह राजनीति विज्ञान में स्नातक हैं, उनके पिता एक ऑटोरिक्शा चालक हैं और उन्होंने क्रिकेट को चुना है। मुझे उम्मीद है कि यह अभिभावकों के लिए एक उदाहरण बनेगा और वह अपनी बेटियों को उनकी इच्छानुसार पेशा चुनने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। सिर्फ क्रिकेट के लिए ही नहीं, डब्ल्यूपीएल हर तरह के खेल में लड़कियों के लिए एक उदाहरण है।

# अपनी नजरों से देखो, दूसरों की से नहीं : मुनि श्री प्रतीकसागर



**आगरा. शाबाश इंडिया**

13 मार्च को कमला नगर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर के आचार्य सन्त निलय पर आयोजित विशेष प्रवचन सभा मे क्रांतिवीर मुनि श्री प्रतीकसागर जी महाराज ने कहा कि मजाक मे भी गुणवानों का हास्य न करें अपनी नजर से देखें, दूसरों की नजर से देखने पर नजरिया ही बदल जाता है। आज हमारी आदत पाप कार्यों मे अनुमोदना की हो गयी है। उसको बदलें हम कर्मों के आस्त्रव और बन्ध मे तो लगे रहते है, परन्तु संवर और नीर्जरा पर ध्यान ही नहीं है। सामूहिक रूप से किया गया पाप का फल भी हमे सामूहिक रूप से भोगना पड़ता है। इस दौरान मन्दिर ट्रस्टी शिखरचन्द जैन सिंघई, मुख्य संयोजक जगदीश प्रसाद जैन, अरूण जैन लश्करपुर, अनिल जैन ऋकविजय जैन राजदरबार ने मुनिश्री के समक्ष श्रीफल अर्पण कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। धर्मसभा का मंगलाचरण एवं संचालन मनोज जैन बांकलीवाल द्वारा कियो कार्यक्रम संयोजक मनोज जैन बाकलीवाल ने बताया कि 14 मार्च से 21 मार्च के मध्य कमलानगर के श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में प्रातः8:00 बजे से प्रातः10:00 बजे तक क्रांतिवीर मुनि श्री प्रतीक सागर जी महाराज के सानिध्य मे सभी उम्र के लोगो के लिए जैन दर्शन जानिए शिविर का आयोजन होने जा रहा है।